wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-60 | सागवाड़ा, रविवार,24 अक्टूबर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## पटवारी परीक्षा- दो डमी परीक्षार्थियों के साथ 5 आरोपी पुलिस ने पकड़े, 5 लाख रुपये में हुई थी डील

### रविवार को उदयपुर में एक डमी कैंडिडेट को पकड़ गया, वहीं कोटा? में एक सरकारी कार्यालय में बाबू को पुलिस ने हिरासत में लिया है, बताया जाता है कि यही डमी कैंडिडेट्स गैंग का सरगना है



**डूंगरपुर।** पटवारी परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को भी डमी परीक्षार्थियों का मामला सामने आया है। परीक्षा में 2 डमी परीक्षार्थियों के साथ 2 मूल परीक्षार्थी समेत कुल 5 अभ्यर्थी पकड़े गए हैं।कोतवाली पुलिस के अनुसार पटवारी परीक्षा में पास करवाने के एवज में डमी परीक्षार्थी बैठाने की सूचना मिल रही थी। इस पर पुलिस ने आज सख्ती से अभ्यर्थियों की जांच शुरू की थी। रविवार को पटवारी परीक्षा की दूसरी पारी में देवेंद्र गर्ल्स स्कूल में एक परीक्षार्थी जल्दबाजी में केंद्र के अंदर घुसने लगा जिस पर पुलिस ने रोककर प्रवेश पत्र और आधार कार्ड मांगे। पुलिस ने संदेह होने पर युवक को रोककर सख्ती से पूछताछ की तो उसने राजेश परमार मीणा निवासी बांसवाडा की जगह पर डमी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने आने की बात कबूल कर ली। युवक ने खुद का नाम बुद्धाराम विश्नोई निवासी जालोर बताया।पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मूल परीक्षार्थी राजेश के एक होटल में होने की बात बताई, इस पर पुलिस ने होटल में दबिश दी। होटल के कमरे से पुलिस ने मूल परीक्षार्थी राजेश के अलावा रूपचंद डामोर निवासी लोहारिया बांसवाड़ा एवं एक अन्य को हिरासत में लिया। रूपचंद ने पूछताछ में बताया कि उसकी भी पटवारी परीक्षा है, लेकिन उसकी जगह भी ओमप्रकाश विश्नोई मॉर्डन स्कूल परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने गया है। सूचना पर पुलिस मॉर्डन स्कूल पंहुच गई, जहां से रूपचंद की जगह परीक्षा देने बैठे ओमप्रकाश को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मामले में 5 अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। पकड़े गए आरोपियों ने 5 लाख रुपये में परीक्षा पास करवाने के लिए डमी परीक्षार्थी बैठाने के लिए सौदा किया था।

## समानता मंच, सर्वसमाज और बेरोज़गार संघर्ष समिति के नेतृत्व में धरना

### डूंगरपुर में कलेक्ट्रेट पर होगा प्रदर्शन


**डूंगरपुर।** शिक्षक भर्ती 2016 में हुई धांधली और रीट के पदों को बढ़ाने लेकर एकजुट हुए युवा समानता मंच, सर्वसमाज बेरोज़गार संघर्ष समिति के नेतृत्व में सोमवार को धरना होगा। 2016 शिक्षक भर्ती में टीएसपी क्षेत्र के गणित विज्ञान पदों को लेकर चल रही धांधली और अनियमितताओं को दूर करवाने के लिए सर्व समाज के युवा सोमवार को जिला कलेक्टर डूंगरपुर पर एकत्र होकर धरना देंगे। युवाओं की मांग है कि 2016 शिक्षक भर्ती टीएसपी क्षेत्र के 343 पद रिक्त होने के बावजूद भी निदेशालय द्वारा 30 सीटों पर ही प्रतीक्षा सूची निकाली गई है। शेष पदों पर किस तरह से भर्ती की गई उसका जवाब विभाग भी किसी तरह से संतोषप्रद जवाब नहीं दे पा रहा है।

## आसपुर में विश्वकर्मा संगठन की बैठक आयोजित



**आसपुर।** विश्वकर्मा संगठन की बैठक विश्वकर्मा मंदिर आसपुर में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन कर किया गया। पंचाल समाज चोखला तरपोट के पंचो द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।बैठक में उपस्थित विश्वकर्मा वंशजों का स्वागत उद्बोधन तरपोट के महामंत्री देवीलाल पंचाल द्वारा किया गया। देवीलाल सुथार बांसवाड़ा द्वारा अपने सम्बोधन में विश्वकर्मा महा संगठन का राज्य स्तर का अधिवेशन 14 नवम्बर को कराने की बात कहीं। वही रमेश सुरजगांव द्वारा विश्वकर्मा के पांचो पुत्रों को संगठित करने के लिए सामुहिक सम्मेलन करने की आवश्यकता बताई। संचालन कर्ता भगवती लाल पंचाल सामलिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब तक प्रत्येक गांव में और पांचो तहसील मुख्यालय पर सभी विश्वकर्मा समाजों की मीटिंग कर जागृति नहीं लाई जाएगी।

## अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई- 1 जेसीबी और ट्रैक्टर जब्त



**डूंगरपुर।** जिला स्पेशल पुलिस टीम ने साबला थाना क्षेत्र में रविवार शाम को अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अवैध तरीके से क्वार्टज पत्थरों का खनन करते एक जेसीबी मशीन के साथ ट्रैक्टर को जब्त किया।जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत डीएसटी प्रभारी दिलीप दान को सूचना मिली कि साबला थाना क्षेत्र के भचड़िया में अवैध तरीके से खनन किया जा रहा है। डीएसटी के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, जोगेंद्र की टीम ने दबिश की कार्रवाई की। अवैध तरीके से माइंस बनाकर क्वार्टज पत्थरों का खनन कार्य किया जा रहा था. खनन कार्य में लगी एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया। इसके बाद कार्रवाई की सूचना साबला थाना पुलिस को देते हुए जब्त जेसीबी व ट्रैक्टर को सुपुर्द कर दिया है. पुलिस ने कर्वेज की सूचना खनन विभाग को दे दी है। खनन विभाग अब मामले में जुर्माना की कार्रवाई करेगा।

## सपना फाउंडेशन के संस्थापक व सदस्यों ने स्व. बहन सपना के जन्मदिन पर किया रक्तदान



**बांसवाड़ा।** वागड़ क्षेत्र में रक्तदान क्रांति की मुहिम में प्रेरणा पुंज बनी अपनी बहन सपना की जन्म जयंती पर उसे श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बड़े भाई व सपना फाउंडेशन के संस्थापक विश्वम्भर मेघवाल ने 7वीं बार रक्तदान किया। ज्ञातव्य है कि रक्त की कमी से जीवन की जंग हार चुकी बहन की याद में उनके भाई विश्वम्भर मेघवाल द्वारा सपना फाउंडेशन की स्थापना की गई।

बहुत ही कम समय मे न केवल बांसवाडा बल्कि डूंगरपुर, सागवाड़ा, प्रतापगढ, उदयपुर आदि जिलों मे संस्था ने विस्तार करने के साथ ही राजस्थान तथा पड़ोसी राज्यो में स्वेच्छिक रक्तविरो का एक नेटवर्क खड़ा कर दिया है। जो जरूरत पड़ने पर हर समय रक्तदान हेतु उपलब्ध रहते है। हाल ही में राज्य स्तर पर रक्तदान के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सपना फाउंडेशन के सम्मान राज्यस्तरीय कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा द्वारा किया गया था। विश्वम्भर मेघवाल सुखवाड़ा ने ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया एवं सभी से आग्रह किया कि सभी को इस मानव सेवा के कार्य मे अग्रणी रहकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर रवि उपाध्याय, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर प्रवीण गुप्ता, रौटरी क्लब अध्यक्ष राहुल सर्राफ, रेड ड्रॉप से वीरेंद्र भट्ट, मुर्तजा रतलामी, संकेत भावसार, वैभव दोसी, वृक्षम फाउंडेशन फाउंडर नीरज, रुधीर ब्लड डोनेशन से अंकित भोई, फ़ोटो ग्राफर भरत कंसारा, वनेश गर्ग, रोट्रेक्ट क्लब से यश सर्राफ, सचिन सर्राफ, निखिल जैन, जिम्मी सर्राफ, प्रसंग सर्राफ, डूंगरपुर से शुभम सुथार गामडी, सपना फाउंडेशन से मार्गदर्शक कन्हैयालाल यादव सुखवाड़ा, महासचिव चार्मी भट्ट, डूंगरपुर प्रभारी पीयूष हरसोत पिण्डावल, सागवाड़ा सहप्रभारी भावेश पण्ड्या, नगर कॉर्डिनेटर रोहित गणावा, ब्लड बैंक से श्वेता पॉल का सहयोग रहा।

## विवाहिता का शव घर से कुछ दूर एक पेड़ से फंदे पर लटका मिला

### निठाउवा थाना क्षेत्र के देपुरा गांव का मामला

**डूंगरपुर।**

जिले के निठाउवा थाना क्षेत्र के देपुरा गांव में एक विवाहिता का शव घर से कुछ दूर एक पेड़ से फंदे पर लटका हुआ मिलने पर सनसनी फैल गई । घटना के बाद पीहर पक्ष ने हंगामा कर दिया है और ससुराल पक्ष पर उसे प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। निठाउवा थाना पुलिस के अनुसार केसू मीणा उम्र 28 वर्ष घर से कुछ दूर कपड़े धोने के लिए गई थी। लेकिन वह काफी देर तक वापस घर नही लौटी तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की तो एक पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर उसका शव लटका हुआ मिला। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई ओर बड़ी संख्या में गांव के लोग एकत्रित हो गए। परिवार के लोगों ने ही शव को फंदे से नीचे उतार दिया। घटना की सूचना पर निठाउवा थाना पुलिस मौके पर पंहुची और घटना की जानकारी ली। घटना की सूचना पर पीहर पक्ष के लोग भी पंहुच गए और मौत को लेकर हंगामा कर दिया। पीहर के लोगों ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। इस पर पुलिस ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद शव को आसपुर अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है, जहां विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## करवा चौथ एवं संकष्टी चतुर्थी व्रत मनाया



**डूंगरपुर।** जिलेभर में रविवार को करवा चौथ व्रत मनाया गया। डूंगरपुर जिले में सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र की मनोकामना के साथ व्रत रखा। व्रतधारी महिलाएं दिनभर निर्जल रहकर पति की लंबी उम्र को और परिवार की सुख समृद्धि के लिए व व्रत रखबकर रात्रि को चांद के दीदार के साथ पूजा अर्चना रकर व्रत खोला। दामड़ी में करवा चौथ एवं संकष्टी चतुर्थी व्रत का सामुहिक उद्यापन किया गया। ग्राम दामड़ी में त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज द्वारा करवा चौथ एवं संकष्टी चतुर्थी व्रत का सामूहिक उद्यापन गुरु मठ -दामड़ी पर पंडित हरिहर व्यास एवं यशवंत जोशी के आचार्यत्व में किया गया। इस अवसर पर शंकर जोशी, हेमंत जोशी, धीरज जोशी, वामन त्रिवेदी, गिरीश जोशी, अशोक जोशी, विनय जोशी, रोहित जोशी, हरीश जोशी, तुलसीराम जोशी, पुरषोत्तम जोशी, शांतिलाल जोशी, अनिल पंड्या, केशवलाल मौजूद थे।

## दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत

डूंगरपुर। जिले के सदर थाना क्षेत्र के देवसोमनाथ रोड पर झाकोल गांव के पास दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की बाइक मिली है, लेकिन युवक गायब है। पुलिस ने फिलहाल शव को डूंगरपूर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया है। सदर थाना पुलिस ने अनुसार अमरा कटारा उम्र 45 वर्ष निवासी गड़ा मोरैया अपने भाइयों को मिलने गया था। इसके बाद वह वापस बाइक लेकर अपने घर लौट रहा था कि झाकोल गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में अमरा कटारा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद दूसरी बाइक पर सवार युवक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुची ओर घटना की जानकारी लेने के बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पुनिया का जन्मदिन मनाया



**सागवाड़ा।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया के 57 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा नगर मण्डल द्वारा न्यू हॉस्पिटल परिसर में रोगियों को फल वितरण किये गए। भाजपा नगर मंडल द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुरुप्रसाद पटेल नगर अध्यक्ष दिलीप जैन व कार्यकर्ताओं द्वारा डिप्टी कंट्रोलर महेन्द्र कुमार परमार को न्यू हॉस्पिटल परिसर के लिए दीवाल घड़ी सप्रेम भेंट की गई। फिर उपस्थित कार्यकर्ताओं और आमजन सभी का मुंह मीठा कराया गया। इसके बाद न्यू हॉस्पिटल के जनरल वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष, शिशु, जननी सभी वार्डो में कार्यकर्ताओं द्वारा रोगियों को फल व बिस्किट वितरित किए। इस मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष नगिनलाल जैन,मनोहर पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी प्रजापत, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रीटा कुंवर, चंद्रलेखा कलासुआ, पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बाबुलाल लबाना, सतीश जैन, मणिलाल डामोर,पार्षद मोहनलाल नागदा, बाबुलाल श्रीमाल, सूर्य सिंग राठौड़, ब्रजेश सोमपुरा,जयेश लोधावरा, पंकज जैन,भावना राव,मुकेश श्रीमाल, किरणेश्वर चौबीसा, मनोज सिंग, रिषी दवे, नरेन्द्र आर्य, अनुराग कटारा, नयन सुथार,करुण ननोमा, हेमेन्द्र चौबीसा,काजल कलासुआ, गटूलाल भाटिया, दिनेश चौबीसा, भूपेंद्र शुक्ला,नफीसा खान, असमा खान, इनायत खान,किशन यादव, वर्षा यादव, भावेश भोई मौजूद थे।

## सागवाड़ा में केंद्रीय मंत्री का पुतला फूंका, माफी मांगे मंत्री



**सागवाड़ा।** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा व जिला अध्यक्ष दिनेश खोड़निया के निर्देशानुसार सागवाड़ा में जिला परिषद सदस्य और युथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश अहारी के नेतृत्व और नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया की मौजूदगी मेंभाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल सिंह का पुतला दहन व नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा के केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बंघेल ने वल्लभनगर विधानसभा चुनाव प्रचार में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बारे मे अप शब्दों का प्रयोग किया व अपमान जनक टिप्पणियां की थी। इसे लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में रोष है। यूथ कांग्रेस व कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने रविवार को सागवाड़ा मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों का कहना था कि एसपी बघेल माफी मांगे नही तो आगे और प्रर्दशन करेंगे बंघेल का घेराव करेंगे इस अवसर पर यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव अरविंद डामोर, प्रकाश मीणा, सुनील डेंडोर, दिनेश पाटीदार, दीपेश अहारी, विक्रम अहारी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय हेंडबॉल प्रतियोगिता में फलोज , मांडवा खापरडा , पुनाली व आडीवाट की टीमें विजेता

**झौथरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय गंधवा मे चल रही चार दिवसीय जिला स्तरीय हेंडबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का समापन समारोह बतोर मुख्य अतिथि सीमलवाडा प्रधान कारीलाल ननोमा थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष सूरेश फलोजिया एवं विशिष्ट अतिथि दिनदयाल सिह चौहान ,नानूराम परमार ,गोविंद पाटीदार, गोविंद अहारी ,विजयपाल विहात ,आकनलाल अहारी ,पोपटलाल पाटीदार ,बंशीलाल पाटीदार , खातुराम रोत , सीबीईओ सूरेश रोत , आरपी कांतिलाल खराडी थे।अतिथियो ने विजेता , उपविजेता व भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और खेल के क्षेत्र में आगे आकर अपने जिले व गांव का नाम रोशन करने को कहा। इस दौरान अतिथियों ने सभी विजेता, उपविजेता तथा प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले दलप्रभारी तथा प्रतिनियुक्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। आरंभ में स्वागत उद्बोधन आयोजक संस्था प्रधान नगजी यादव ने दिया। मुख्य निर्णायक लक्षमण लाल डडर ने बताया कि प्रतियोगिता का प्रतिवेदन पेश करते हुए बताया कि जिले की 47 टीमो के कुल 507 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के छात्र सिनीयर वर्ग में फलोज की टीम विजेता व सुराता की टीम उपविजेता रही।

छात्रा सिनीयर वर्ग में पुनाली की टीम विजेता व गैजी की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार छात्र जूनियर वर्ग में मांडवा खापरडा विजेता व घटाउ उपविजेता रही तो जूनियर छात्रा वर्ग में आडीवाट विजेता व रंगेलाकी टीम उपविजेता रही।

## दिपावली से पहले सागवाड़ा शहर में पालिका खोलेगी 2 जनता क्लिनिक

### वार्ड नंबर 15 रामद्वारा के पीछे और वार्ड नं 27 हरिजन बस्ती में जनता क्लीनिक खोले जाएंगे



**सागवाड़ा।** शहर की जनता को अपने मोहल्ले अपनी कॉलोनी में स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इस उदेश्य को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका शहर में 2 जनता क्लिनिक की शुरुआत करेगी। दिपावली से पहले शहर वासियों के लिये जनता क्लिनिक की शुरुआत कर देगी। नगरपालिका ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर जनता क्लिनिक की शुरुआत करने की जानकारी दी है। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि सागवाड़ा में वार्ड नंबर 15 रामद्वारा के पीछे और वार्ड नं 27 हरिजन बस्ती में जनता क्लीनिक खोले जाएंगे। यहां बने सामुदायिक भवनों को इसके लिए तैयार किया जा रहा है। खोडनिया ने बताया कि कहा हमारा मकसद जनता को उसके घर के पास इलाज मिले उसे दिनभर बड़े अस्पतालों के धक्के और लाइनों में नहीं लगना पड़े इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हमने जनता क्लिनिक की शुरुआत कर रहे है ।

## जैसा हमारा स्वभाव होगा संसार में वैसा ही हमारे जीवन का मूल्य होगा



**डूंगरपुर।** सुविख्यात रामचरितमानस मर्मज्ञ, भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक विश्लेषक एवं मानव मूल्यों के प्रोत्साहक पंडित श्याम मनावत ने कहा कि जीवन मनुष्य जीवन में दो भाव प्रमुखता लिए होते हैं। पहला मैं दूसरा मेरा। जिसने मेरा भाव ठीक किया उस को सम्मान मिला लेकिन जिसने मैं रूपी भाव को ठीक कर लिया, संसार में उसका कोई सानी नहीं। जिसने स्व के भाव को ठीक किया अर्थात स्वभाव को ठीक किया उसने अपने जीवन को मूल्यवान बना दिया। इसीलिए कहते हैं कि जैसा हमारा स्वभाव होगा संसार में वैसा ही हमारे जीवन का मूल्य होगा।

पंडित श्याम मनावत रविवार को यहां वागदारी स्थित महाराणा प्रताप परिसर में जागरण जनसेवा मण्डल वागदरी द्वारा अपने सेवा प्रकल्पों की विराट श्रंखला के तहत आयोजित समाजसेवी श्री सोहनलाल लोढ़ा स्मृति 17वीं वार्षिक व्याख्यानमाला मैं मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान दे रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुर के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् समाजसेवी व शिक्षा प्रेमी विष्णु कुमार सुहालका रहे जबकि अध्यक्षता नगर परिषद पाली मारवाड़ के पूर्व सभापति महेंद्र कुमार बोहरा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंबई के प्रसिद्ध समाजसेवी शंकर भाई गहलोत मंचासीन रहे। इस अवसर पर वागड़ क्षेत्र के डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में संचालित 25 स्वयंसेवी संस्थाओं को उनके सेवा प्रकल्पों के लिए जागरण जनसेवा मंडल की ओर से सम्मानित किया गया।